सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली 2019/2021
माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थानों के लिए आवेदन पर Notes for Parents

(**गैर-प्रतिभागी** छात्रों के लिए लागु)

प्राथमिक 6 विद्यार्थियों के ऐसे अभिभावक जो माध्यमिक विद्यालय में स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली 2019/2021 के माध्यम से माध्यमिक 1 (S1) विवेकाधीन स्थान (DP) के लिए आवेदन करने की इच्छा रखते हैं, उन्हें इस दस्तावेज (Notes for Parents) को ध्यान से पढ़ने और उसके अंतर्गत दिए गए बिंदुओ को माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थान Application Form (Application Form) के संदर्भ में उपयोग की सलाह दी जाती है।

2. विद्यार्थी आवेदकों का हांगकांग का निवासी होना अनिवार्य है (अर्थात हांगकांग के सार्वजनिक क्षेत्रीय स्कूलों में शिक्षा पाने का पात्र हो); उन्हें SSPA के माध्यम से S1 स्थान कभी नहीं आवंटित किया गया हो; उन्होंने हांगकांग के किसी भी सरकारी, सहायता-प्राप्त, कैपट, डायरेक्ट सब्सिडी योजना (DSS) और अंग्रेजी स्कूल फाउंडेशन माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययन नहीं किया हो; SSPA में भाग ले रहे किसी प्राथमिक स्कूल में अध्ययन नहीं कर रहे हो; और उन्हें वर्त्तमान आवंटन चक्र के लिए माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थान के लिए Application Form जारी नहीं किया गया हो; और अगस्त 2021 में प्राथमिक शिक्षा पूरी की हो। यदि उपरोक्त स्तिथि में कोई भी परिवर्तन हुआ हो, तो विद्यार्थी आवेदक को शिक्षा ब्यूरो एजुकेशन ब्येरे (EDB) के स्कूल स्थान आवंटन (SPA) विभाग में तुरंत संपर्क करना चाहिए, और DP के लिए उसके सभी सम्बंधित आवेदनो को जब्त किया जा सकता है।

आवश्यकताएं

3. प्रत्येक विद्यार्थी को EDB द्वारा प्रकाशित माध्यमिक वन विवेकाधीन स्थान (Handbook) के आवेदन के लिए पुस्तिका में सूचीबद्ध **<u>दो से अधिक</u>** भाग ले रहे माध्यमिक स्कूलों के लिए आवेदन नहीं करना चाहिए , अन्यथा DP प्राप्त करने का अवसर उससे जब्त कर लिया जाएगा। अभिभावक EDB के मुख्य पृष्ठ (www.edb.gov.hk) पर जाकर (चयन करें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary School Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Place Allocation (SSPA) System) सूचियों को डाउनलोड कर सकते हैं या 2891 0088 पर EDB के 24 घंटे स्वचालित टेलीफोन पूछताछ केन्द्र पर कॉल करके (2 दबाएं (अंग्रेजी) > 5 (फ़ैक्स सेवा) > 04 (माध्यमिक स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली: स्कूल सूचियाँ)) फ़ैक्स द्वारा सूचियों प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन अवधि

4. भाग लेने वाले सभी माध्यमिक विद्यालयों के लिए DP आवदेन की अवधि होगी **<u>4 जनवरी (सोमवार) से लेकर 18 जनवरी 2021 (सोमवार) तक, दोनों तिथियों को शामिल करके।</u>** अलग-अलग स्कूलों के संचालन घंटों के विषय में जानकारी स्कूलों से सीधे संपर्क करके प्राप्त की जानी चाहिए।

Application Form

5. Application Form को विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के उपयोग के लिए बनाया गया है जो SSPA प्रणाली में भाग ले रहे सरकारी, सहायता-प्राप्त, और कैपुट माध्यमिक स्कूलों तथा DSS माध्यमिक स्कूलों (अर्थात वे स्कूल जो Handbook में सूचिबद्ध है)[1] के लिए DP आवेदन करने की इच्छा रखते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को दो Application Forms प्राप्त होते है।

---

[1] यह Application Form SSPA में भाग नहीं ले रहे Jockey Club Ti-I College और DSS माध्यमिक स्कूलों गैर-प्रतिभागी (NDSS secondary schools) पर लागु नहीं होता है। Jockey Club Ti-I College में S1 दाखिले के लिए आवेदन की अवधि 4 जनवरी (सोमवार) से 20 जनवरी 2021 (बुधवार) है। जहाँ तक SSPA 2019/2021 की DSS माध्यमिक स्कूलों की सूची का प्रश्न है, अभिभावक EDB के मुख्य पृष्ठ (www.edb.gov.hk) पर जाकर (चयन करें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary School Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Place Allocation (SSPA) System) सूचियों को डाउनलोड कर सकते हैं या 2891 0088 पर EDB के 24 घंटे स्वचालित टेलीफोन पूछताछ केन्द्र पर कॉल करके (2 दबाएं (अंग्रेजी) > 5 (फ़ैक्स सेवा) > 04 (माध्यमिक स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली: स्कूल सूचियाँ) फ़ैक्स द्वारा सूचियों प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि गैर-प्रतिभागी NDSS secondary schools के आवेदन की अपनी समय-सारिणी होती है, कृपया संबंधित स्कूलों से विवरण के लिए संपर्क करें।

6. प्रत्येक Application Form चार भागों में विभाजित होती है: EDB की प्रति (नीले रंग में), स्कूल की प्रति (हरे रंग में), अभिभावक की प्रति (लाल रंग में), और स्कूल प्राथमिकता का क्रम (ऑर्डर ऑफ़ प्रीफ़रेन्स या स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 का अर्थ है पहली प्राथमिकता, और स्कूल प्राथमिकता क्रम 2 का अर्थ है दूसरी प्राथमिकता) (लाल रंग में)। विद्यार्थी जानकारी Application Form के प्रत्येक भाग में पहले से मुद्रित होती है। उदाहरण के रूप में , अभिभावक प्रति में पहले से मुद्रित जानकारी में शामिल है :

- आवंटन चक्र
- विद्यार्थी संदर्भ संख्या
- आवेदन संख्या
- विद्यार्थी का नाम
- लिंग
- जन्मतिथि

7. यदि Application Forms एकत्रित करने के पश्चात् निजी जानकारी में संसोधन की आवश्यकता हो, तो अभिभावकों EDB के SPA विभाग के माध्यम से तुरंत संसोधन करना चाहिए। Application Form पर उपस्थित पहले से मुद्रित जानकारी को अभिभावक को स्वयं संशोधित नहीं करना चाहिए, और जिन माध्यमिक स्कूलों को आवेदन किया जा रहा है, वे भी Application Form प्राप्त करते समय पहले से मुद्रित जानकारी को संशोधित नहीं करेंगे।

आवेदन प्रक्रियाएं

8. अभिभावक एक DP के लिए आवेदन करने का चयन कर सकते है। यदि अभिभावक DP आवेदन करने का चयन करते हैं, तो उन्हें निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करके Application Form प्रस्तुत करना चाहिए:

(i) प्राथमिकता के आधार पर Application Form के सभी चार भागों में प्रदान किए गए स्थान पर उस माध्यमिक स्कूल का नाम भरें जिसके लिए आप आवेदन करना चाहते हैं।

(ii) प्रतिधारण और रिकार्ड के लिए स्कूल प्राथमिकता क्रम युक्त हिस्सा अलग करें (विद्यार्थियों को स्कूल प्राथमिकता क्रम के विषय में उन स्कूलों को सूचित करना आवश्यक नहीं हैं जिन्हें वे आवेदन करना चाहते हैं)। अन्य तीन भागों को संलग्न रखा जाना चाहिए।

(iii) एक समान आवेदन संख्या वाले EDB की प्रति, स्कूल की प्रति और अभिभावक की प्रति (सभी तीन हिस्सों को संलग्न रखते हुए) स्कूल को सीधे प्रस्तुत करें और साथ ही स्कूल द्वारा माँगें गए आवश्यक दस्तावेजों को भी प्रस्तुत करें (जिसमें पूर्ण रूप से भरा स्कूल का प्रवेश पत्र शामिल है)।

(iv) माध्यमिक स्कूल द्वारा जाँच के लिए विद्यार्थी आवेदक के पहचान दस्तावेज़ की मूल प्रति दिखाएं।

(v) अंत में, स्कूल मुहर, स्कूल का नाम और स्कूल कोड वाली अभिभावक प्रति को अपने प्रतिधारण और रिकॉर्ड के लिए प्राप्त करें।

अभिभावकों को याद रखना चाहिए कि एक बार प्रस्तुत करने के पश्चात, Application Form को पुनः प्राप्त या रद्द नहीं किया जा सकता है और स्कूल प्राथमिकता क्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

9. यदि विद्यार्थी **केवल एक माध्यमिक विद्यालय** को आवेदन करने की इच्छा रखता है, तो स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 का Application Form उपयोग किया जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी अपने दोनों Application Forms एक ही स्कूल को प्रस्तुत करता है, तो EDB केवल स्कूल प्राथमिकता क्रम 1 के आवेदन को संसाधित करेगी और स्कूल प्राथकिता क्रम 2 के आवेदन को अमान्य कर दिया जाएगा । कोई भी अप्रयुक्त Application Form हस्तांतरणीय नहीं है । आवेदन की अवधि के बाद अभिभावक स्वयं Application Forms को रख सकते हैं या उसे नष्ट कर सकते हैं।

10. निम्नलिखित परिस्थितियों में, माध्यमिक स्कूल द्वारा Application Forms संसाधित नहीं किया जाएगा:

- डाक से भेजे गए या समय अवधि के समापन के पश्चात प्रस्तुत Application Forms
- आवंटन चक्र, विद्यार्थी संदर्भ संख्या और आवेदन संख्या में संशोधन किए गए Application Forms
- EDB के मुहर के बिना विद्यार्थी के नाम, लिंग और जन्मतिथि में संशोधन किए गए Application Forms
- डुप्लीकेट, क्षतिग्रस्त या अपूर्ण Application Forms

स्कूल स्थानों का आवंटन

11. भाग लेने वाले माध्यमिक स्कूल अपने सिद्धांतों और संस्क़ृति के अनुसार स्वयं प्रवेश मानदंड तैयार कर सकते हैं। यह आवश्यक है कि वे अपने प्रवेश मानदंडों और वेटेज को और साथ ही आवेदन के लिए अपनी DP संख्या को सार्वजनिक करें, और इसे स्कूल में एक प्रमुख स्थान में प्रदर्शित करें या प्रवेश से पहले लिखित रूप में प्रत्येक छात्र आवेदक को उपलब्ध कराए। किसी स्कूल के लिए आवेदन करने से पहले, अभिभावकों को स्कूल द्वारा निर्धारित मानदंडों और वेटेज से संदर्भ लेना चाहिए। स्कूल साक्षात्कार की व्यवस्था कर सकते हैं, लेकिन कोई भी लिखित परीक्षा का आयोजन नहीं किया जा सकता है।

12. DP आवेदनों को संसाधित करने के बाद, सभी भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालय (Jockey Club Ti-I College सहित) को, सफल बच्चों के आवेदक माता-पिता (non-participating students सहित) को 31 मार्च 2021 को विवेकाधीन स्थानों की सफल सूचियों में शामिल करने के बारे में पत्र और फोन द्वारा सूचित करना आवश्यक है। स्कूलों को आवश्यक है कि वे अभिभावकों को अधिसूचना व्यवस्था से अच्छी तरह से अवगत कराएँ, और पहले से ही माता-पिता से आवश्यक संपर्क जानकारी एकत्र करें। ये अधिसूचना व्यवस्था आरक्षित और असफल आवेदकों पर लागू नहीं होती, **न ही आवंटन परिणामों की अधिसूचनाओं पर**। संबंधित माता-पिता को सूचनाओं का जवाब देने की आवश्यकता नहीं है।

13. पैराग्राफ 12 में व्यवस्थाएँ प्रशासनिक उपाय हैं और मौजूदा SSPA तंत्र अपरिवर्तित है। प्रत्येक Application Form में स्कूल की तरजीह के छात्र के क्रम की पहचान के लिए एक अद्वितीय संख्या होती है। EDB स्कूलों की सफल और आरक्षित सूची के साथ छात्रों की तरजीह से मिलान करेगा। यदि कोई छात्र उन दोनों विद्यालयों में सफल होता है, जिनमें वह आवेदन करता है, तो उसे तरजीह के क्रम के आधार पर उसकी पहली पसंद का S1 स्थान आवंटित किया जाएगा। यदि माता-पिता ने एक माध्यमिक विद्यालय में आवेदन किया है तो अंततः इस आवेदन चक्र में SSPA तंत्र के तहत S1 स्थानों की पेशकश नहीं करेगा, तो उस आवेदन पर कार्यवाई नहीं की जाएगी।

14. **DP और (CA) के परिणाम एक ही समय में 6 जुलाई 2021 को जारी किए जाएँगे**. अभिभावकों को परिणामों की घोषणा से पहले उन स्कूलों से पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है जिनमें वे अप्लाई करते हैं। यदि भाग न लेने वाले छात्रों को DP चरण पर भाग लेने वाले माध्यमिक विद्यालओं या Jockey Club Ti-I College द्वारा दाखिला दिया जाता है, तो सम्बंधित माध्यमिक विद्यालय अभिभावक को औपचारिक आवेदन परिणामों और सम्बंधित व्यवस्थाओं की सूचना देने के लिए 6 जुलाई 2021 अर्थात आवंटन परिणामों की घोषणा की तारीख को बुलाया जाएगा। भाग ना लेने वाले छात्रों के माता-पिता जरुरत पड़ने पर माध्यमिक विद्यालय(यों) से संपर्क कर सकते हैं जिनमे उन्होंने आवंटन परिणामों की घोषणा की तारीख को आवेदन किया है।

15. यदि गैर-प्रतिभागी विद्यार्थी सार्वजनिक क्षेत्र के S1 स्थान के लिए आवंटित किये जाने की इच्छा रहते हैं और उनका DP आवेदन असफल होता है, उन्हें मई से अगस्त 2021 तक कार्यालय समय के दौरान EDB के SPA विभाग के साथ रजिस्टर करना चाहिए और अपने पहचान दस्तावेज़ों की मूल प्रति को साथ लेकर आना चाहिए। CA के पश्चात उपलब्ध स्थानों को EDB द्वारा योग्य विद्यार्थी आवेदकों को आवंटित किया जाएगा। पहले आवेदन बैच के परिणामों को 2021 वर्ष के जुलाई के शुरू में, दूसरे बैच को जुलाई के अंत में, तीसरे बैच को अगस्त के मध्य में जारी किया जाएगा, तथा उसके पश्चात विद्यार्थियों को व्यग्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।

Application Form के प्रतिस्थापन के लिए आवेदन

16. क्षतिग्रस्त या खोए हुए Application Forms को SPA विभाग से विद्यार्थी आवेदक के पहचान दस्तावेज की मूल प्रति को प्रस्तुत करके प्राप्त किया जा सकता है। प्रत्येक प्रतिस्थापन प्रति के लिए HK$125 का शुल्क लागू किया जाएगा। यदि प्रतिस्थापन प्रति के जारी किए जाने के बाद क्षतिग्रस्त या खोया हुआ Application Form मिल जाता है , तो अभिभावकों को प्रतिस्थापन प्रति का उपयोग करना चाहिए और पुराने आवेदन को नष्ट कर देना चाहिए। अभिभावकों को एक से अधिक माध्यमिक स्कूल के आवेदन के लिए एक ही स्कूल प्राथमिकता क्रम वाले Application Forms का उपयोग नहीं करना चाहिए, वरना विद्यार्थी के DP प्राप्त करने की संभावना को ज़ब्त कर लिया जाएगा।

पूछताछ

17. अधिक जानकारी के लिए, कृपया EDB के SPA विभाग (SSPA) से 2832 7740 या 2832 7700 पर संपर्क करें।

स्कूल स्थान आंवटन विभाग
शिक्षा ब्यूरों
दिसम्बर 2020